मारपीट कर सोने की चेन और नकदी उड़ाई

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बंशी राम गांव जजरी तहसील ह्टवाल ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि रविवार को यह अपनी फैक्टरी जजरी जा रहा था तो 7. 30 शाम जब यह दुग पुल के समीप पहुंचा तो एक गाड़ी सड़क के बीच खड़ी थी, जब इसने गाड़ी एक तरफ हटाने को कहा तो गाड़ी में बैठे लोग बाहर आए और इसके साथ गाली-गलौज, मारपीट व छीनाझपटी की। उसी दौरान इसका बेटा घर से खाना लेकर आ रहा था तो उसने अपने पिता को उनके चुंगल से छुड़ाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की। इस मारपीट व छीनाझपटी के दौरान उन्होंने इसकी गले में डाली हुई सोने की चेन व हाथ में लिए हुए बैग, जिसमें 80 हजार रुपए थे उसको भी छीन ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरु कर दी है।

◆ दुग पुल के पास लुटरों ने लूटा जजरी का व्यवसायी

ब्रीफ न्यूज

ककरोट में रास्ता रोककर की मारपीट

हमीरपुर। भोरंज थाना में अनिता कुमारी पत्नी अशवनी कुमार गांव ककरोट ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह अपने आंगन के आगे रास्ते में झाड़ू लगा रही थी तो सुबह 9 बजे इसके पड़ोसी अशोक कुमार, सचिन कुमार व वीना देवी वहां पर आए और कहने लगे कि यहां झाड़ू क्यों लगा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारी जमीन है और इसके साथ ही वे दोनों गाली-गलौज करने लग पड़े। जब यह वहां से घर जाने लगी तो उन तीनों ने इसका रास्ता रोक कर इसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकियां दी। जब यह उनकी मारपीट से बचने के लिए चिल्लाई तो इसकी देवरानी अनिता देवी भी वहां पर आई तो उन्होंने उसके साथ भी मारपीट की जिस कारण उसे इस मारपीट से इन दोनों को चोटें आई हैं।

मारपीट व गाली-गलौज की शिकायत दर्ज

हमीरपुर। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वीना देवी पत्नी जोगिंद्र कुमार गांव उखली तहसील व जिला हमीरपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 25 अगस्त को इसके पति अपनी पशुशाला के पास नाली में पानी की निकासी कर रहे थे तो उसी समय इनकी पशुशाला के पास राम लाल व उसकी पत्नी ने और इसके पति को पानी की निकासी करने से रोका और उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी, इस मारपीट से उसे चोटें आई हैं।

कार से टकराया ट्रॉला, एक घायल

हमीरपुर। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आदर्श कुमार पुत्र रमेश कुमार गांव समसौह तहसील सरकाघाट जिला मंडी ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि रविवार को यह अपनी कार में पालमपुर से अपने घर जा रहा था तो समय करीब 1.50 बजे दिन जब यह मोरसू वाई पास चौक के नजदीक पहुंचा तो उसी समय ऊना की तरफ से एक पिकअप ट्राला तेज रफ्तार से आया और इसकी कार को बायीं तरफ से टक्कर मार दी। इससे कार में बैठी इसकी दादी को चोटें आई हैं।

जातिसूचक शब्द कहने की निंदा की

हमीरपुर। युनाइटेड सर्वोदय संगठन के प्रदेशाध्यक्ष एमएस मस्ताना ने बताया कि जिला के गांव अमनेड़ के सरकारी प्राइमरी पाठशाला में घटित घटना की घोर निंदा की है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि संबंधित अध्यापिका के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

अरुण जेटली को श्रद्धांजलि अर्पित

बड़सर। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के आकस्मिक निधन पर लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस मैहरे में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस आयोजन में कृषि सहकारी ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष कमल नयन, भाजपा मीडिया प्रभारी अश्विनी शर्मा, पूर्व बीडीसी सदस्य ओम चंद बोहरा, रवि कुमार कानूनगो, जोगिंद्र पटियाल, अजमेर सिंह, दिनेश शर्मा, राजेश कुमार, विकास पटियाल, अजय शर्मा सहित कई लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर कृषि सहकारी ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष कमल नयन द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर रखा मौन

बड़सर। राजकीय माध्यमिक पाठशाला बाहल ठाकुरू में पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के निधन पर शोक जताया। इस अवसर पर स्कूल की प्रार्थना सभा में 2 मिनट का मौन रखा गया तथा देश के प्रति उनके योगदान को याद किया गया। इस मौके पर मुख्य अध्यापिका किरण शर्मा, शिक्षक राजेश, शिक्षिका भावना, मनसा देवी, राजकुमार, अदिति, साक्षी, अनामिका तथा रोहित सहित सभी बच्चों ने भाग लिया।

लोहारड़ा में कमल नयन का स्वागत

बड़सर। लोहारड़ा गांव में लोगों ने कांगड़ा कृषि सहकारी बैंक के अध्यक्ष कमलनयन का गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर गांव के लोगों ने उन्हें गांव की समस्याओं से अवगत भी करवाया। ग्रामीणों ने बताया की कई साल पूर्व गांव के लोगों द्वारा डिस्पेंसरी के भवन के लिए चार मरले जमीन दान दी गई है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के नाम जमीन होने के बावजूद भी इस कार्य को शुरू नहीं करवाया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या का हल करवा कर इसके समाधान की मांग की है।

अशोक हमीर क्रशर यूनियन के चेयरमैन

हमीरपुर। हमीरपुर के होटल हमीर में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक मे हमीर क्रशर युनियन का गठन किया गया। बैठक में जिला भर के कुल 22 स्टोन क्रशरों के संचालकों ने भाग लिया इस बैठक में अशोक ठाकुर को हमीर यूनियन का चेयरमेन चुना गया, जबकि संजय चौहान को वाईस चेयरमेन तथा आशीष शर्मा को महासचिव के पद के लिए चुना गया। विजय चौपड़ा को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

प्रदेश सरकार से एबीवीपी नाखुश, मांगें पूरी न होने पर जिलेभर के कॉलेजों में की नारेबाजी

कॉलेज प्रशासन के खिलाफ शुरू की भूख हड़ताल

भोरंज और हमीरपुर में मुख्य गेट पर किया धरना प्रर्शन

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

बार-बार महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के सामने मांगें रख रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से नाराजगी जाहिर करते हुए भूख हड़ताल पर बैठने का प्रण लिया है। इकाई अध्यक्ष निखिल ठाकुर का कहना है कि लंबे समय से कभी प्रदर्शन कर तो कभी मुंह पर काली पट्टियां बांध एबीवीपी कार्यकर्ता अलग-अलग तरीके से मांगे रखते आए हैं, परंतु प्रशासन के कानों पर जूं तक न रेंग रही है।

सोमवार को जिला भर में एबीवीपी ने कार्यकर्त्ताओं ने प्रदर्शन कर व बात रखने का तरीका बदलते हुए एबीवीपी भोरंज इकाई के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की व महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर भूख. हड़ताल पर बैठ गए हैं। भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ताओं में इकाई अध्यक्ष निखिल ठाकुर, इकाई सचिव करण ठाकुर, इकाई उपाध्यक्ष कर्णवीर, इकाई सह सचिव अभिषेक ठाकुर, सागर, निखिल रांगड़ा, साहिल, अजय, वीरेंद्र, आर्यन आदि शामिल हैं। वहीं, हमीरपुर कालेज में भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रांत ने पिछले लंबे समय से चले आ रही छात्र मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू किया है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल का आह्वान प्रदेश स्तर पर हुआ है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमीरपुर इकाई के कार्यकर्ता इसी कड़ी में अपनी मांगो को मंगवाने के लिए भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इसमें नितिन कुमार, अमन, अभिषेक, हनी शर्मा, अनिल, बल्यानी मौजूद हैं।

जल्द बहाल किए जाएं छात्र संघ चुनाव

नादौन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नादौन इकाई के कार्यकर्ता नादौन महाविद्यालय परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे। पिछले एक महीने से विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर में धरने प्रदर्शन कर रही है, लेकिन प्रदेश सरकार व विवि प्रशासन फिर भी इसके ऊपर कोई अमल नहीं कर रही। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्त्ताओं ने बताया कि उनकी मुख्य मांगे और नादौन में विद्यार्थी परिषद की सबसे बड़ी मांग नादौन महाविद्यालय सड़क को ठीक किया जाए। छात्रों का लोकतांत्रिक अधिकार छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाए।

मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा संघर्ष

बड़सर। राजकीय डिग्री कॉलेज बड़सर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बड़सर इकाई ने कॉलेज प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठ गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बड़सर इकाई के कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह भूख हड़ताल लगातार जारी रहेगी, जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाएंगी। अगर फिर भी कुछ नहीं किया, तो एबीवीपी आंदोलन पर उतर आएगी। सचिव कपिल ने बताया कि बड़सर कालेज प्रशासन से मांग करती है कि बड़सर कालेज में रिक्त पड़े प्रवक्ताओं के पदों को जल्द से जल्द भरें जाएं। इस भूख हड़ताल में अभिषेक, ज्योति, अंकिता, नेहा, शाक्षी, निष्ठ, सनी, सीमा, अंकित, सुशांत, रफी, तनु, तनिका, मुस्कान, सौरभ बंदना सहित काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

बरड़ समुदाय ने शुरू की भूख हड़ताल

नादौन। प्रदेश बरड़ सुधार सभा ने सरकार से मांग की है कि प्रदेश में बरड़ सामुदाय के उत्थान के लिए बरड़ कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएसभा का एक प्रतिनिधि मण्डल सभा के प्रधान सरदार प्रकाश चंद व महासचिव जीत सिंह के नेतृत्व में शिमला में सीएम जय राम ठाकुर से मिला तथा उन्हें मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष माया राम के अलावा बलदेव शास्त्री, सोहन लाल, जगदीश चंद, सतपाल, लाडी, लाली, संजय कुमार, प्रीतम व चमन लाल सहित काफी लोग शामिल थे। सभा के प्रधान सरदार प्रकाश चंद व महासचिव जीत राम ने सीएम को दिए गए मांग पत्र की प्रति पत्रकारों को देते हुए बताया कि सीएम जय राम ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल वर्ग के उत्थान के हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया।

नादौन से भागी प्रवासी लड़की जाहू से बरामद

हिमाचल दस्तक। नादौन

नादौन बस अड्डा के निकट रहने वाली एक प्रवासी लड़की रविवार सांय रहस्यमयी ढंग से अपनी झुग्गी से गायब हो गई, जिसे रात को ही पुलिस की सहायता से जाहू से उसके एक रिश्तेदार की झुग्गी से बरामद कर लिया गया। लड़की ने कुछ दिन पूर्व से ही अपनी कहानी उसने अपने परिजनों को सुनाना आरंभ कर दिया था और भागने से पूर्व जो माहौल उसने बनाया उससे लड़की के जाने के बाद यह अफवाह फैल गई कि उसका अपहरण कर लिया गया है। इसी लड़की का अगले माह में विवाह रखा गया है। भागने से कुछ दिन पूर्व ही लड़की ने परिजनों को बताया कि कुछ स्थानीय लड़कियां उसे डरा रही थीं कि कोई उसका अपहरण करने वाला है। रविवार सांय लड़की घर से शौच आदि के लिए निकली और वहीं से वह भाग गई। अपहरण का रूप देने के लिए उसने शौच के स्थान पर कुछ अन्य सामान सहित अपनी एक माला तोड़ कर फेंक दी। परिजनों की शिकायत पर नादौन पुलिस मौका पर पहुंची तो उन्होंने भी अलग-अलग ऐंगल से अपनी जांच आरंभ कर दी, परंतु मामले में नया मोड़ तब आया जब रविवार रात को ही लड़की के मामा ने उसके घर पर पहुंच कर बताया कि लड़की उसकी ही पत्नी के एक रिश्तेदार के घर पर जाहू में है।

70 साल में देश में सबसे बड़ा आर्थिक संकट

प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रमुख अभिषेक ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग के प्रमुख अभिषेक राणा ने सवाल उठाया है कि 70 सालों में देश में विकास न होने का रोना रोने वाली मोदी सरकार बताए कि देश के इतिहास में ऐसा पहली बार क्यों हुआ है कि देश सबसे बड़े आर्थिक संकट से गुजर रहा है।

◆ बोले, केंद्र सरकार पूरा नहीं कर पाई दो करोड़ नौकरियां देने का वादा

उन्होंने कहा कि स्वयं नीति आयोग ने माना है कि 70 साल में देश की अर्थव्यवस्था सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। फिर भी सरकार कह रही है कि अन्य देशों के मुकाबले देश की स्थिति मजबूत है। जारी प्रैस विज्ञप्ति में उन्होंने हैरानी जताई कि आर्थिक संकट की मार सबसे ज्यादा प्राइवेट सेक्टर में पड़ी है तथा लाखों लोग बेरोजगार हो रहे हैं लेकिन जख्मों पर मरहम लगाने की बजाए मोदी सरकार ने बेरोजगारी के आंकड़े दिखाने वाले सर्वे को ही बंद करवा दिया हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब अपनी नाकामियों को छिपाने व बेरोजगारों को छलने का तरीका मोदी सरकार ने ढूंढा हैं, ताकि वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव में हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने के वादे पर पर्दा ही पड़ा रहे।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

पहला शुद्धि पत्रः निविदा नोटिस सं. 116-एस/डब्ल्युसी/03/एमसी-4/2019-20 जो रेलवे स्टेशन छावनी के प्लेटफार्म संख्या 1 से 7 एवम 1A पर त्वरित कोच जलपूर्ण व्यवस्था में सुधार लाने हेतु कार्य है, जिसे 09.09.2019 को 15.15 बजे खोला जाएगा।

1. उपर्युक्त काम के लिए निविदा दस्तावेज और कार्य शीर्षक बदल दिया गया है।
2. अनुबंध कार्य के लिए एडवर्टाइजड मूल्य को संशोधित किया गया है।
3. पूर्णता की अवधि को 4 महीने में बदल दिया गया है।
4. निविदा दस्तावेज की लागत रु. 5000/- है।
5. अनुसूची आइटम संशोधित किए हैं और IREPS वेबपोर्टल पर देखे जा सकते हैं।

इस निविदा सूचना का शुद्धिपत्र www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

सं. 116 एस/डब्ल्युसी/03/एमसी-4/2019-20 दिनांक 26.08.2019 2750/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रंगस-बड़ा सड़क को पांच करोड़ मंजूर, भूमिपूजन कर दें अग्निहोत्री

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने रंगस-बड़ा सड़क की स्ट्रेंथनिंग को लेकर पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री को निशाने पर लिया है। कांग्रेस नेताओं ने सड़क की स्ट्रेंथनिंग के लिए पांच करोड़ रुपये मंजूर कराने के लिए जहां विधायक सुक्खू का धन्यवाद किया है, वहीं पूर्व विधायक पर तंज कसा है। जिला परिषद सदस्य स्वर्णलता चौधरी, ग्राम पंचायत रैल की प्रधान रेनू बाला, फस्टे पंचायत प्रधान रीना देवी, उपप्रधान राजेश पिंका, जिला महासचिव डॉ. मोहन लाल, बड़ा पंचायत के उप प्रधान मुख्तियार सिंह, पूर्व प्रधान राजकुमार, राकेश कुमार, बड़ा पंचायत के वार्ड पंच दिलीप कौंडल, प्रवीण कुमार, कांग्रेस नेता कुलतार परमार व मेजर एसडी स्याल ने कहा है कि विधायक सुखविंद्र सुक्खू ने रंगस, हार, रैल, सुकराला, बड़ा सड़क की स्ट्रेंथनिंग कराने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांच करोड़ रुपये की राशि मंजूर करा दी है। अब पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री भूमि पूजन कर दें। क्योंकि अग्निहोत्री विकास कामों के लिए खुद धनराशि मंजूर कराने के बजाए विधायक के स्वीकृत कराए कामों का भूमि पूजन ही करते हैं। नादौन के विकास में उनका कोई योगदान नहीं है। अभी तक अग्निहोत्री ने जितने भी भूमि पूजन व शिलान्यास किए हैं, सभी के लिए बजट सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व कांग्रेस सरकार के समय मंजूर कराया था। वर्तमान सरकार में भी विधायक सुक्खू जो बजट स्वीकृत करा रहे हैं, अग्निहोत्री अधिकारियों पर दबाव बनाकर उन कामों का भूमि पूजन व शिलान्यास करने पहुंच जाते हैं।

◆ विधायक सुक्खू का धन्यवाद करने के साथ कांग्रेसियों ने पूर्व विधायक पर कसा तंज

देश मातम मनाता रहा और जिले में तिरंगा लहराता रहा

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

पूर्व वितमंत्री अरूण जेटली के निधन और उनके अंतिम संस्कार के चलते पूरा देश शोकतप्त रहा । लेकिन सरकारी अमले की घोर उदासीनता के कारण हमीरपुर में राष्ट्रीय शोक घोषित होने के बावजूद शहर के बाल विद्यालय मैदान में 110 फुट की ऊंचाई पर तिरंगा झंड़ा लहराता रहा, जबकि राष्ट्रीय शोक घोषित होने के कारण आधा नीचे झुकाने का नियम है, लेकिन जिला प्रशासन रविवार का अवकाश मनाता रहा और इस झंडे को पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर सम्मान स्वरूप झुकाने की जहमत नहीं उठाई गई। राष्ट्रीय झंडे का बदस्तुर लहराते रहना शहर में चर्चा का विषय बना रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार झंडे को आधा झुकाने के निर्देश अतिरिक्त जिलाधीश द्वारा सहायक उपायुक्त को दिए गए थे। लेकिन प्रतीत होता है कि सहायक उपायुक्त को 110 फुट ऊंचे स्तंभ पर लहराते तिरंगे झंडे की जानकारी ही नहीं थी। उन्हें लगता है कि जिलाधीश कार्यालय के परिसर में लगे झंडे को आधा झुका कर ही अपने कार्य की इतिश्री कर ली। रतन गौत्तम अतिरिक्त जिलाधीश से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि जैसा उन्हें सुबह राष्ट्रीय शोक घोषित किए जाने की सूचना मिली तभी उन्होंने राट्रीय ध्वजों को आधा झुकाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि यदि स्कूल मैदान में लगा तिरंगा झंडा झुकाया नहीं गया था तो वह इसकी जांच करवाएंगे।

टाउन हॉल का कार्य रुकवाने में भाजपा का योगदानः कांग्रेस

सुजानपुर। सुजानपुर टाउन हॉल पर भाजपा नेताओं द्वारा की जा रही बयाजबाजी पर सुजानपुर व टौणीदेवी ब्लॉक कांग्रेस ने कहा है कि पूर्व वीरभद्र सरकार में विधायक राजेंद्र राणा के अथक प्रयासों से सुजानपुर को स्वीकृत हुए टाऊन हॉल पर भाजपा नेता झूठ की राजनीति पर उतर आए हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष मनीष गुप्ता व टौणी देवी ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष सुशील पत्रनिया ने कहा कि विधानसभा सत्र में स्वयं सरकार में मंत्री सरवीण चौधरी मान रही हैं कि पूर्व कांग्रेस सरकार में स्वीकृत हुए टाऊन हॉल को उस समय 75 लाख रुपए की पहली किश्त जारी हो चुकी है, लेकिन स्थानीय भाजपा नेता इसे भी पूर्व सीएम धूमल की उपलब्धि बता रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं को बताया कि वे किस यूनिवर्सिटी से झूठ की पढ़ाई कर रहे हैं या फिर ऐसा तो नहीं है कि भाजपा झूठ बोलने के भी सम्मेलन करवा रही है।

सीएम रीलीफ फंड को दी सम्मान में मिली राशि

हमीरपुर। हमीरपुर में आयोजित 73वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आकाशवाणी हमीरपुर के वरिष्ठ नैमेतिक उद्घोषक संजय शर्मा को उनकी सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के लिए जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। संजय शर्मा ने इस सम्मान राशि में अपना अंशदान डाल उपायुक्त हमीरपुर के माध्यम से इसे मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करवा दिया।

संजय शर्मा पिछले 2 दशकों से बतौर उदघोषक सेवाएं दे रहे हैं। 11 वर्ष पहले पहाड़ी बोली के कार्यक्रम गल तुसां दी के जनक भी हैं। उन्होंने पहली बार यहां से शुरू हुए पहाड़ी बोली के कार्यक्रम में अपनी आवाज दी। लाईव फोन इन कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति को उभारने के लिए इस कार्यक्रम के माध्यम से सतत प्रयास जारी रखे और यह कार्यक्रम जनप्रिय बन गया। इसके अलावा कई रेडियो नाटकों और हास्य नाटकों और लाईव रोड़ शो कार्यक्रमों में अहम भूमिका अभिनीत कर एक नया आयाम कायम किया। इन्हीं दायित्वों को देखते हुए उनका नाम सम्मान के लिए प्रस्तावित किया गया। उन्होंने इनाम में मिली पुरस्कार राशि को उपायुक्त हमीरपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री राहतकोष में अंश दान के रूप में प्रदान कर दिया।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा (सर्विस) खुली निविदा संख्या 18-अम्बाला/2019-20 दिनांक 23.08.19

वरिष्ठ. मंडल, अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी। क्र.सं. 1 कार्य का नाम : सहायक मंडल अभियंता/बाटिण्डा के अधीन वरिष्ठ सैक्शन इंजीनियर/कार्य/ई/बाटिण्डा के सेक्शन में रेलवे कॉलोनी बाटिण्डा मे दिन-प्रतिदिन नरम्मत का कार्य के निष्पादन हेतु 238 दिनों के लिए श्रमिको को किराये पर लेने से संबंधित कार्य। अनुमानित लागत Rs. : 846804 अग्रिम राशि Rs. : 16900 निविदा फार्म की कीमत Rs. : 2000 कार्य समाप्ति का समय : 238 दिन। निविदा खुलने की तिथि : 19.09.2019 क्र.सं. 2 कार्य का नाम : सहायक मंडल अभियंता/शिमला के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/कार्य/शिमला के सैक्सन में अधिकारी विश्राम गृह एवं आवकाश गृह की सुव्यवस्था एवं रखरखाव से संबंधित कार्य। अनुमानित लागत Rs. : 1948008 अग्रिम राशि Rs. : 29000 निविदा फार्म की कीमत Rs. : 2000 कार्य समाप्ति का समय : 10 महीने। निविदा खुलने की तिथि : 19.09.2019 नोटः- 1. ठेकेदार को शर्तो के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि व निविदा फार्म की कीमत ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 2744/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

(सीआइएनः L31901HP2009PLC031083)

INOXWIND

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना -174303, हिमाचल प्रदेश, भारत

टेलीफोन/फैक्सः 01975 272001, वेबसाइटः www.inoxwind.com; ई-मेलः investors.iwl@inoxwind.com

10वीं वार्षिक साधारण बैठक, पुस्तकें बंदी की सूचना एवं रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी

सर्वसाधारण एवं विशेष तौर पर कम्पनी के उन सदस्यों को, जिनका भारत में कोई पंजीकृत पता विद्यमान नहीं है तथा जिन्होंने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 20 के साथ पठित सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (सूचीकरण विनियम) की विनियम 47 के ऊन्तर्गत सूचना भेजने हेतु कम्पनी को भारत में कोई पता उपलब्ध नहीं कराया है, सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने मंगलवार, 17 सितम्बर 2019 को 12:00 बजे अपराह्न होटल पंडित मूलराज रेज़िडेन्सी, एसएच-25, उना-नांगल रोड, रक्कर कॉलनी, जिला उना - 174303, हिमाचल प्रदेश, में आयोजित होने वाली कम्पनी की 10वीं वार्षिक साधारण बैठक से संबंधित सूचना (सूचना) भौतिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रेषित की जा चुकी हैं जिनमें सदस्यों को प्रेषित सूचना के शर्तानुरूप वार्षिक साधारण बैठक में निष्पादित किए जाने वाले व्यवसायों का ब्यौरा विदित है। सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com एवं सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 एवं सूचीकरण विनियम के विनियम 42 के अन्तर्गत एतद् द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें बुधवार, 11 सितम्बर, 2019 से मंगलवार, 17 सितम्बर, 2019 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक एजीएम के उद्देश्य से बन्द रहेंगे।

कम्पनी द्वारा सभी सदस्यों को, जो कट-ऑफ तिथि अर्थात् मंगलवार, 10 सितम्बर, 2019 को भौतिक अथवा डी-मैटेरियलाइज्ड तौर पर अंशधारण करते हैं को, एजीएम में पारित होने वाले प्रस्तावों के सम्बन्ध में सीडीएसएल के प्लैटफॉर्म के माध्यम से ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की गई है। सदस्यों से आग्रह है कि वोटिंग सहित ई-वोटिंग के निम्नलिखित कार्यक्रम पर ध्यान दें।

विवरण	दिनांक
सूचना के प्रेषण के पूर्ण होने की तिथि	26 अगस्त, 2019
रिमोट ई-वोटिंग के आरम्भ होने की तिथि तथा समय	13 सितम्बर, 2019 9:00 बजे पूर्वाह्न
रिमोट ई-वोटिंग के समाप्त होने की तिथि तथा समय	16 सितम्बर, 2019 5:00 बजे अपराह्न
परिणाम की घोषणा की तिथि	एजीएम के समापन के 48 घंटों के भीतर

ई-वोटिंग हेतु प्रक्रिया तथा निर्देश सूचना के नोट नं. 7 में दिया गया है। वे व्यक्ति जो सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनते हैं वे भी सूचना के नोट नं. 7 में ई-वोटिंग उल्लेखित समान निर्देशों का पालन करें। वे सदस्य जिन्होंने ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर लिया हो वे बैठक में भाग ले सकते हैं परन्तु उन्हें पुनः वोटिंग का अधिकार नहीं होगा। सदस्य द्वारा एक बार मतदान करने के पश्चात् उन्हें उसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वे सदस्य जिन्होंने ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान न किया हो एवं एजीएम में उपस्थित हों उन्हें एजीएम में मतपत्र के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

वोटिंग (ई-वोटिंग एवं मतपत्र द्वारा वोटिंग) का अधिकार कट-ऑफ तिथि को कम्पनी के सदस्यों के नाम में पंजीकृत अंशों के प्रदत्त मूल्य पर संगणित होगा।

इलैक्ट्रानिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा के सम्बन्ध में किसी भी शिकायत हेतु सदस्य श्री राकेश दल्वी, प्रबन्धक,सीडीएसएल, 'ए' विन्ग, 25वी मंजिल मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल्स कम्पाउंड, एनएम जोशी मार्ग, लोवर पारेल (पू), मुम्बई - 400013, फोन 1800225533, ईमेल आईडी- helpdesk.evoting@cdslindia.com से सम्पर्क कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त वर्णित विशिष्ट तिथि एवं समय के उपरान्त ई-वोटिंग सीडीएसएल द्वारा निष्क्रीय कर दिया जाएगा।

नोटः वह सदस्य जो बैठक में उपस्थित होने एवं मतदान करने हेतु अधिकृत है उसे अपने बजाए उपस्थित होने एवं मतदान करने हेतु एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का भी अधिकार है एवं प्रॉक्सी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। विधिवत क्रियान्वित प्रॉक्सी बैठक के निश्चित समय से कम-से-कम 48 घंटे पूर्व कम्पनी के साथ पंजीकृत हो जाने चाहिए।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/-
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : गोएआ
दिनांक : 26 अगस्त, 2019